इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, बुधवार, 23 अक्टूबर 2024
वर्ष 17 अंक 52 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

सभी प्रमुख धार्मिक परम्पराएं मूल रूप से एक ही संदेश देती है प्रेम, दया और क्षमा, महत्वपूर्ण बात यह है कि ये हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा होनी चाहियें।
-दलाई लामा

तापमान - अधिकतम 34.7°C (+2.2) न्यूनतम 22.8°C(+2.3) संसेक्स 80,220.72 (-930.55) निफ्टी 24,472.10 (-309.00) सोना 79,790 चांदी 1,02,000 मुद्रा - डालर 84.08 दिरहम 22.89 रियाल 22.42

एरा यूनिवर्सिटी के एमबीबीएस छात्रों को मिला टैबलेट

लखनऊ (सं)। उत्तर प्रदेश सरकार की डिजी शक्ति-स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत मंगलवार को एरा यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस छात्रों को टैबलेट दिए गए। एरा यूनिवर्सिटी के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित टैबलेट वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन एरा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अब्बास अली महदी ने किया।

समारोह का आयोजन एरा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रिंसिपल और सीएमएस प्रो. जमाल मसूद ने किया। समारोह में 184 एमबीबीएस छात्रों को टैबलेट मिले। कार्यक्रम में डॉ. रुचि चतुर्वेदी, डॉ. सुमैया अहमद, अरविंद सोनकर, मुस्तफा, असमा बानो और इमरान मिर्जा समेत कई लोग मौजूद थे।

प्रदेश की युवा शक्ति को सशक्त बनाने और उसे वर्तमान व भविष्य की जरूरतों के अनुसार कौशल प्रदान करने की दिशा में सरकार ने यह योजना शुरू की है। योजना के अंतर्गत प्रदेश में वर्ष 2021 से 2023 के बीच 19.84 लाख टैबलेट व 26.91 लाख स्मार्टफोन वितरित किए जा चुके हैं। प्रदेश में पात्र विद्यार्थियों को गैजेट्स के वितरण की प्रक्रिया पूर्ण करने वाले जिलों को चिन्हित किया गया है जिसमें से 8 जिलों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। प्रदेश में युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए न केवल स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण हो रहा है बल्कि डिजी शक्ति पोर्टल के जरिए सरकार की योजनाओं और कौशल विकास के विभिन्न कोर्सेस का एक्सेस व एंड टू एंड मॉनिटरिंग उपलब्ध कराया जा रहा है। परियोजना को प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए 2021-22 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। वर्ष 2022-23 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना को प्रदेश में पांच वर्षों के लिए लागू किया गया है।